पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राष्ट्रपति के नये दिशा-निर्देश के तहत राजभवन में श्री नाईक को गार्ड आफ आनर दिया गया

राज्यपाल ने राज्य विधान मण्डल के समवेत दोनों सदनों को सम्बोधित किया

लखनऊः 29 जनवरी, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक को आज राष्ट्रपति द्वारा जारी किये गये नये प्रोटोकाल के दिशा-निर्देशानुसार राज्य विधान मण्डल के संयुक्त अधिवेशन को सम्बोधित करने से पहले राजभवन में 'गार्ड आफ आनर' दिया गया। गार्ड आफ आनर के पश्चात राज्यपाल ने विधान भवन हेतु प्रस्थान किया।

विधान भवन पहुंचने पर राज्यपाल श्री राम नाईक का स्वागत सभापति विधान परिषद श्री ओम प्रकाश शर्मा व विधान सभा अध्यक्ष श्री माता प्रसाद पाण्डेय ने किया। राज्यपाल ने सदन में अपना अभिभाषण पढ़ा एवं सत्र आहूत करने की घोषणा की। अभिभाषण समाप्त करने के उपरान्त मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव, संसदीय कार्यमंत्री श्री आजम खां व लोक निर्माण मंत्री श्री शिवपाल सिंह यादव ने राज्यपाल का गर्मजोशी से अभिवादन किया तथा उन्हें विदाई दी।

राज्यपाल का अभिभाषण सुनने के लिए उनकी पुत्रियाँ डाॅ0 निशिगंधा व श्रीमती विशाखा कुलकर्णी एवं अन्य परिवारीजन भी राज्यपाल दीर्घा में उपस्थित थे।

अंजुम/ललित/राजभवन(35)